# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुन्द (छ.ग.)
District Legal Services Authority, Mahasamund (C.G.)
Phone 07723-222939 e-mail ID- dlsa.mahasamund1@gmail.com


## // सूचना //

**क्रमांक—** /विधिक/2025 महासमुन्द, दिनांक—15.04.2025

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंतर्गत लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम कार्यालय महासमुन्द (छ0ग0) के अन्तर्गत रिक्त **कार्यालय सहायक/क्लर्क (संविदा)** के पदों पर सीधी भर्ती किये जाने हेतु अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र तथा परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी जिला न्यायालय महासमुन्द के वेबसाईट **https://mahasamund.dcourts.gov.in/** पर अपलोड कर दिया गया है सभी अभ्यार्थी अपना प्रवेश पत्र जिला न्यायालय महासमुन्द के वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते है। किसी भी आवेदक को अन्य किसी भी रूप से लिखित परीक्षा हेतु सूचना/प्रवेश पत्र/बुलावा पत्र पृथक से नही भेजा जावेगा, इस संबंध में कोई पत्राचार ग्राहय नही होगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंतर्गत लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम कार्यालय महासमुन्द (छ0ग0) के अन्तर्गत रिक्त **कार्यालय सहायक/क्लर्क (संविदा)** के प्रथम भाग की लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित किया गया है :—

## परीक्षा कार्यक्रम

| पद नाम | परीक्षा का नाम | परीक्षा की तिथि | परीक्षा का समय | परीक्षा स्थल |
|---|---|---|---|---|
| कार्यालय सहायक/क्लर्क | लिखित परीक्षा | 27.04.2025 रविवार | सुबह 10:00 बजे से 11:00 तक | शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मचेवा, महासमुन्द (छ.ग.) |

**टीप :—**

1. परीक्षा तिथि को अभ्यर्थी, परीक्षा स्थल में लिखित परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटे पूर्व उपस्थित रहेंगे। परीक्षा स्थल में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी द्वारा पासपोर्ट साईज का एक नवीनतम

रंगीन फोटोग्राफ्स को प्रवेश पत्र में संलग्न कर स्वहस्ताक्षरित कर एवं आईडी प्रुफ (पहचान पत्र) जैसे ड्राइविंग लायसेंस/पेन कार्ड/आधार कार्ड/मतदाता परिचय पत्र/स्मार्ट कार्ड दिखाये जाने पर ही परीक्षा स्थल में परीक्षा हेतु प्रवेश दिया जायेगा। अभ्यर्थी के परिजनों को परीक्षा स्थल पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जावेगी। परीक्षा स्थल का गेट 9:50 बजे बंद कर दिया जावेगा, जिसके पश्चात परीक्षा स्थल पर किसी भी अभ्यर्थी को अंदर आने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

2. अभ्यर्थी लिखित परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान में उपस्थित होवे। उपस्थित नहीं होने की दशा में अभ्यर्थी की अनुपस्थिति दर्ज की जावेगी, जिसकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
3. यदि कार्यालय सहायक/क्लर्क के अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा नियत तिथि को सम्पन्न नहीं हो पाती है, और स्थगित होती है, तो उक्त दिवस को ही उपस्थित अभ्यर्थियों को आगामी परीक्षा तिथि की जानकारी देते हुए, परीक्षा कार्यक्रम, जिला न्यायालय के वेबसाईट एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा किया जावेगा।

**(माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**सही/–**
**सचिव**
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
महासमुन्द (छ.ग.)